## सार समाचार

### सियार का शिकार कर घर पर पका रहे आरोपी को वन विभाग ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**बड़वाह।** वन्य प्राणी सियार का शिकार कर पका रहे आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 2 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर जब वन विभाग की टीम आरोपी श्यामनाथ पिता मिश्री नाथ (43) के घर पहुंची तो वहा पर दंपति पका कर खाने की तैयारी कर रहे थे। जैसे ही आरोपी श्यामनाथ ने वन विभाग की टीम को देखा तो आरोपी घर की पीछे वाली दीवाल कूद कर फरार हो गया था। जिसकी तलाश में वन विभाग की टीम जुट गई। गुरुवार को जैसे ही मुखबिर की सूचना मिली तो टीम तुरंत श्यामनाथ के घर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यालय में पेश किया गया। जहां वन्य प्राणी संरक्षण के अधिनियम के अंतर्ग्रत धारा लगा कर जेल भेज दिया गया।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने राशन पर्ची वितरित की



**देवरी कला।** नगर पालिका अध्यक्ष नेहा जैन, पार्षद प्रतिनिधि राकेश चौरसिया, पार्षद दिलीप कोष्टी,भारतेंदु राजपूत ने नगर के पात्र हितग्राहियों को राशन पर्ची वितरित की नगर पालिका अध्यक्ष नेहा जैन ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ देवरी नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए कोई भी पात्र हितग्राही देवरी नगर में सरकार की योजनाओं से वंचित ना रहे यह हम सभी की पहली प्राथमिकता है।


### समेरिटंस में हुआ प्लांटेशन

**नर्मदापुरम।** समेरिटंस स्कूल नर्मदापुरम में गुरुवार को संस्था निर्देशक डा आशुतोष कुमार शर्मा जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज एनसीसी केडिट्स के साथ मिलकर एनसीसी गैलरी में प्लांटेंशन किया। इस अवसर पर बटालियन से हवलदार मनोज कुमार, प्राचार्य प्रेरणा रावत, प्राचार्य कल्पना शर्मा, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव, टीओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव एएनओ, विक्रांत खंपरिया, प्रकाश चंद उपाध्याय, वैशाली तिवारी, भाग्यश्री दुबे आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# पुलिस प्रशासन ने शहर के बैंक शाखाओं में सिक्योरिटी गार्ड और सीसी टीवी कैमरे का किया निरीक्षण

बड़वाह।

**शहर में बढ़ते अपराध और लूट की वारदार की रोकथाम को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ ।इसके मद्देनजर गुरुवार दोपहर करीब 1बजे एसडीओपी विनोद दीक्षित और थाना प्रभारी ने अपने दल बल के साथ शहर की बैंक शाखाओं में जाकर निरीक्षण किया ।**



जहा बैंक मैनेजर से बैंक में आने वाले आम नागरिक की सुरक्षा और सिक्योरिटी गार्ड को लेकर पूछताछ की ।इस दौरान अधिकारियो ने महेश्वर रोड स्थित एसबीआई शाखा के अंदर खड़े कुछ कम उमर के लड़को से बैंक में आने का कारण पूछा ।जबकि पंजाब नेशनल बैंक में जाकर सीसी टीवी कैमरे लगे होने की जानकारी लेकर खुले बैंक लाकर को बंद रखने की बात कही। जिसके बाद शहर की अन्य बैंको में निरीक्षण किया गया ।इस दौरान थाना प्रभारी गोयल ने कहा की आज कई बैंक शाखाओ के एटीएम में सुरक्षा गार्ड का अभाव है ।जिसके लिए बैंक मैनेजर को एटीएम पर होने वाली घटनाओं को लेकर जानकारी देकर सुरक्षा गार्ड तैनात करवाने के निर्देश दिए ।

**पूर्व में भी इंदौर रोड स्थित एटीएम पर हुई थी तोड़फोड़ :** इंदौर रोड स्थित हिटाची के एटीएम पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने विगत माह एटीएम में तोड़फोड़ कर पैसे चुराने के प्रयास किए थे । लेकिन एटीएम तोड़ने में वह असफल हुए । जिसके चलते बड़ी घटना होने से बच गई । जहां आज भी सुरक्षा गार्ड का अभाव देखा जा सकता है । हालाकि शहर में बढ़ती लूट और चोरी की घटना को देखते हुए एडीएम एवं बैंकों में सुरक्षा गार्ड होना अब अति आवश्यक है

**कवर कालोनी से भगाया वाहन चालकों को:** पंजाब बैंक में निरीक्षण के दौरान बैंक के सामने कवर कालोनी में झुंड बनाकर बैठे लोडिंग वाहन चालकों को एसडीओपी विनोद दीक्षित ने उक्त स्थान से भगाया ।उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा की आप लोग अपने वाहन कही और स्थान पर खड़े करे ।कल से मुझे इस जगह कोई दिखाई नही देना चाहिए ।यदि ऐसा हुआ तो में सभी के वाहन जप्त कर आप लोगो पर कार्यवाही करूंगा ।जिसके बाद सभी वाहन चालक कवर कालोनी से उठकर अन्य स्थान पर चले गए ।

## नशे में धुत दोस्तों ने कुल्हाड़ी मारकर युवक को मौत के घाट उतारा

दमोह।

जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नशे में धुत दोस्तों के द्वारा सिर में कुल्हाड़ी मारकर अपने ही एक साथी की रात के अंधेरे में हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज घटनाक्रम गुरुवार को सामने आया है। गुरुवार को सुबह लाश मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा पोस्टमार्टम कार्रवाई करा कर मामले में जांच शुरू कर दी है। दरअसल मामला जिले के राजपुरा थाना अंतर्गत अनगौरी गांव से सामने आया है जहां अनगौरी निवासी मनोहर आदिवासी 40 वर्ष का शव गुरुवार सुबह लहूलुहान हालात में पड़ा मिलने से गांव में सनसनी के हालात निर्मित हो गए थे। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया कुल्हाड़ी से सिर में बार किए जाने का अंदाजा स्थानीय लोगो द्वारा लगाया जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक लकड़ी लेने के लिए जंगल में गया था।जिसकी गुरुवार सुबह लाश मिली है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि बीती रात में मृतक को तीन अन्य साथियों के साथ शराब पीते हुए देखा गया था। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि शराब खोरी के चलते दोस्तों के बीच हुए विवाद के दौरान बात इतनी बिगड़ी है कि दोस्तों ने ही मृतक मनोहर के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया है और भाग गए है। फिलहाल रजपुरा थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने पुलिस टीम के साथ घटना की जांच कर मामले में जांच प्रारंभ कर दी हैं। वहीं आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की मौके पर पहुंचने की भी जानकारी मिली है।

## पुलिस वाहन से बाइक सवार दो सगे भाइयों की भिड़ंत के बाद मौके पर हुई मौत

दमोह।

**जिले के नोहटा थाना अंतर्गत एक बार फिर रफ्तार के कहर के साथ हादसे के शिकार हुए बाइक सवार दो युवकों की मौत हो जाने का दर्दनाक घटनाक्रम गुरुवार को सामने आया है। इस घटना में खास बात यह देखने को मिली कि टक्कर मारने वाला वाहन पुलिस का है वहीं बाइक सवार यदि हेलमेट पहने होते तो शायद उनकी जान बच जाती।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर बनवार पुलिस चौकी के वाहन और बाइक सवार युवकों के बीच आमने सामने की जोरदार भिड़ंत के बाद बाइक सवार युवक दोबारा नहीं उठ सके और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परस्वाहा मोड़ पर घटित इस वाहन दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।मृतकों की पहचान पटना मानगढ़ निवासी खुब्बीलाल अहिरवार 40 वर्ष एवं रत्नेश अहिरवार 35 वर्ष के रूप में हुई है। बाइक सवार बनवार से एक केन में डीजल लेकर अपने गांव वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में पुलिस वाहन की टक्कर लगने से दोनो ही युवक काल के मुंह में समा गए। घटना की जानकारी लगते ही मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए तथा ग्रामीणों के साथ सड़क पर जाम लगा दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर नोहटा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश देकर सड़क को खुलवाया तथा दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। इस दर्दनाक हादसे की खबर लगने टक्कर मारने वाले वाहन की पुलिस के होने की वजह से मृतक के परिजनों और समाजजनों के साथ ही ग्रामीण जनों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इसे ध्यान में रखकर अन्य थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी क्षेत्र में तैनात किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

### पार्किंग स्थल से बाइक हुई चोरी

**दमोह।** नगर में दिनदहाड़े बाइक चोरी की वारदातों को सुनियोजित तरीके से अंजाम देने वाला गिरोह लगातार सक्रिय बना हुआ है। बाइक चोरों के द्वारा मुख्य रूप से हीरो बाइक को ही निशाना बनाकर गिरोह द्वारा चोरी किया जा रहा है। शहर में आए दिन एक के बाद एक बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। इनकी सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहे हैं लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से फिलहाल दूर बने हुए हैं। ताजा मामला शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले घंटाघर क्षेत्र से सामने आया है। जहां कैलाश भंडार के पास स्थित पार्किंग स्थल में खड़ी बबलू सिंह लोधी की हीरो डीलक्स बाइक क्रमांक एमपी 34 एमएच 5383 को दिनदहाड़े अज्ञात आरोपी चुरा कर चला कर ले भागे।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और एसटीएसएफ की टीम द्वारा निरंतर वन क्षेत्रों और ग्रामों में जांच जारी

नर्मदापुरम।

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंतर्गत चूरना परिक्षेत्र के डबरा बिट में 25 जून को हुए बाघ शिकार प्रकरण में सतपुडा टाइगर रिजर्व एवं एस.टी. सी.एफ. जांच दल द्वारा निरंतर वनक्षेत्र, राजस्व क्षेत्र एवं ग्रामों में गश्ती एवं पूछताछ की जा रही है।**

इस प्रकरण में स्थानीय पुलिस के सहयोग लिया जा रहा है। 6 जुलाई को सुबह 06 बजे बीटगार्ड ग्राम धासई नारायण प्रसाद लोधी एवं सुरक्षा श्रमिक धासई नाके से गश्ती के लिए धांसई-भीमकुण्ड रोड पर रवाना हुए। रास्ते में नाके से लगभग 200 मीटर की दूरी पर गुड्डी नाले पर बने रपटे के ऊपर मांस का बड़ा टुकडा दिखाई दिया, जिसे दो कुत्ते पकड़ कर खा रहे थे। बीटगार्ड के द्वारा कुत्तों को भगाकर मांस के टुकडे को देखा गया तो वह टाइगर का कटा हुआ सिर था, जिसकी खाल सड़ चुकी थी। सिर की हड्डी पर मांस लगा हुआ था एवं केनाईन पास में पड़े पाए गए। वह स्थल बफर रेंज के कक्ष क्रमांक 436 एवं राजस्व की सीमा पर पड़ता है। कटे हुए सिर को चारों ओर पत्थर लगाकर सुरक्षित किया गया एवं इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

उपसंचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम् संदीप फैलोज, अधीक्षक बोरी अभ्यारण्य इटारसी एवं परिक्षेत्र अधिकारी तथा बफर ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। टाइगर के पाए गए कटे हुए सिर एवं अन्य अवयवों को जप्त किया गया। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं रातापानी के डॉग स्क्वाड को घटना स्थल पर बुलाकर संदिग्ध की जांच कराई गई। डॉग स्क्वाड के द्वारा धांसई ग्राम के कुछ स्थलों को चिन्हित किया गया। जिसकी विवेचना की जा रही है। वन्यप्राणी चिकित्सक रातापानी को बुलाकर पाए गए मृत टाइगर के सिर का परिक्षण किया गया एवं माप ली गई। बाल, मांस आदि अन्य के सेम्पल लेकर सील किया गया। कटे हुए सिर एवं अन्य सेम्पल को वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एण्ड हेल्थ सेंटर जबलपुर को अग्रिम परिक्षण हेतु प्रेषित किया गया। प्रकरण में आगामी विवेचना जारी है।

# कलेक्टर के निर्देशन से जिले में लागाए जा रहे रेवेन्यू कैम्प



छतरपुर।

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा पंचायतों में राजस्व समस्या निवारण कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्ता विवाद, पीएम किसान सम्मान निधि सम्बंधित मामलो का मौके पर निराकरण किया जा रहा है।

इसीक्रम में तहसील घुवारा अंतर्गत ग्राम कटोरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार द्वारा मौके पर ही संबंधित आवेदकों के 7 नामांतरण होने के प्रमाण पत्र सौंपे एवं 3 बीपीएल कार्ड के आवेदनों का निराकरण किया गया।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना केन्द्रीय मंत्री ने हितग्राहियों को सौंपे नि:शुल्क राशन के थैले:** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने गुरूवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत छतरपुर शहर के सटई रोड, खेरे की देवी और महोबा रोड स्थित उचित मूल्य दुकान तथा नौगांव एवं हरपालपुर, महाराजपुर एवं गढ़ीमलहरा की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में हितग्राहियों को मिलने वाले नि:शुल्क खाद्यान के थैले वितरित किए। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मौसम में अचानक परिवर्तन स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है-डॉ वर्मा

**बैतूल।** वर्षा ऋतु में बारिश की बूंदे अपने साथ अनेक बीमारियां लाती है। मौसम में अचानक आया परिवर्तन आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। जिले के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ कैलाश वर्मा ने बरसात के दिनों में विशेष सावधानियां रखने की अपील जिले वासियों से की है। डॉक्टर वर्मा ने कहा कि खानपान को लेकर थोड़ी सावधानी बरती जाए तो मौसम का आनंद उठाते हुए आप खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। मनुष्य का शरीर अनेक खतरनाक बीमारियों का घर है। मौसम और तापमान में बार-बार बदलाव और उमस के कारण बीमारियां फैलाने वाले वायरस और बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इसी कारण पाचन क्रिया ठीक नहीं रहती है। डॉ कैलाश वर्मा ने बताया कि इंफेक्शन ,एलर्जी, सर्दी ,जुकाम, डिप्थीरिया, फ्लू , पेचिश, लीवर के रोग, हैजा, टाइफाइड या ज्वर, मलेरिया ,वायरल फीवर स्वास्थ्य की तकलीफ इस मौसम में हो सकती है। इस मौसम में चर्म रोग ,जोड़ों का दर्द ,सर्दी खांसी आदि हो सकती है ।इसके अलावा त्वचा संबंधी रोग रिंगवर्म जैसी बीमारियां इस मौसम में फैलती है। बीमारियों से बचने के लिए घर के आसपास बारिश का पानी जमा ना होने दें, घर के आसपास साफ सफाई रखें, भोजन खुला ना छोड़े, सब्जियों को पहले पोटेशियम परमेंग्नेट मिलाकर धो लें।

## विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान का आयोजन



जबलपुर।

कुलाधिपतिजी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर दिनांक 6-7-2023, गुरुवार को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा पंडित लज्जा शंकर झा गवर्नमेंट मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर के बच्चों को पशुओं एवं मनुष्यों के बीच फैलने वाली जूनोटिक बीमारियों जैसे की रेबीज ब्रूसीलोसिस आदि के तथा इन्हें कैसे रोका जाए इस विषय पर जानकारी दी गई ।

तथा पशुधन से प्राप्त उत्पादों का दैनिक आहार में महत्व, मानव शरीर को मिलने वाले तत्वों एवं उनके द्वारा फैलने वाली जूनोसिस बीमारियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया 7 कार्यक्रम का आयोजन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा एवं वैज्ञानिकों डॉ रणविजय सिंह, डॉ भावना गुप्ता, डॉ रूचि सिंह, डॉ शिवानी मुड़ोतिया डॉ बृजमोहन धाकड़ की सक्रिय सहभागिता रही।

### ओंकारेश्वर में प्रशासन ने फिर लगाया नर्मदा नदी में नौका संचालन पर प्रतिबंध

**ओंकारेश्वर( नि प्र )।** नर्मदा नदी में वैध अवैध नाव को लेकर नाविक संघ प्रशासन के बीच तालमेल नहीं होने के कारण नौका का संचालन किया फिर बंद नाविक संघ अध्यक्ष कलेक्टर खंडवा से मिले तथा अवैध नाव को लेकर चर्चा की कलेक्टर के निर्देशन में गुरुवार को फिर नर्मदा नदी में नौका संचालन को लेकर नाविक संघ व प्रशासन के बीच तालमेल के अभाव में नाव का संचालन फिर बंद कर दिया। नाविक संघ अध्यक्ष भोलाराम केवट का कहना है की बैठक में निर्णय के बाद फिर अवैध नावे चलने लगी है प्रशासन सहयोग नहीं कर रहा लाइसेंस देने की मांग प्रशासन से की जा रही है प्रशासन द्वारा वैध नाव का संचालन प्रारंभ कर दिया है किंतु कुछ लोग मनमानी के कारण नाविक संघ की छवि खराब हो रही है ।नर्मदा नदी में नाव की स्थिति सूत्रों के अनुसार 130 बिना लाइसेंस जो बंद पड़ी है तो 180 नावे नर्मदा में दौड़ रही है सभी घाटों पर नाव की संख्या लगभग 300 वर्तमान गुरुवार सुबह से नौका संचालन प्रशासन ने बंद कर दिया है । विधायक का ओकारेश्वर आगमन पर नाविक संघ का प्रतिनिधिमंडल फिर विधायक सांसद से मुलाकात करेगा।

## तीन पटवारियों की वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही समाप्त करने राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन

दमोह।

**बीते कई दिनों से प्रदेश के समस्त राजस्व कर्मचारियों में विभागीय कार्यों को लेकर किए गए शासकीय आदेशों के कारण खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।जिसको लेकर राजस्व कर्मचारियों द्वारा प्रदेश स्तर पर इन आदेशों का विरोध कर ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन भी किया गया था।**



जिस के बाद जिला स्तर भी विगत दिनों विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिसके बाद जिले के बटियागढ़ तहसील कार्यालय में पदस्थ 3 पटवारियों पर अनेक बार निर्देश दिए जाने के उपरांत भी कार्य में प्रगति परिलक्षित न होने के आरोप में गाज गिरी है। दरअसल बीते बुधवार को जिले के बटियागढ़ तहसील कार्यालय में पदस्थ 3 पटवारी सुमित अहिरवार, रामकिशोर पटैल, अनिल शुक्ला की एक वेतन की वृध्दि को अनुविभागीय अधिकारी पथरिया के आदेश द्वारा संचयी प्रभाव से रोक दिया गया है। जिसके बाद गुरुवार को राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अनुविभागीय अधिकारी पथरिया द्वारा 3 पटवारी के विरूद्ध की गई इस कार्यवाही को अवैधानिक बताया है।

साथ ही बीते दिनों राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण एक लिखित ज्ञापन दिया गया था। जिसमें जिले के समस्त पटवारी व राजस्व निरीक्षक संवर्ग की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को गई थी। जिसका भी समाधान भी जिला प्रशासन द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। म.प्र.पटवारी संघ जिलाध्यक्ष कुंजबिहारी दुबे ने जानकारी देकर बताया कि सीमांकन को लेकर प्रदेश स्तर पर समस्त पटवारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था।

जिसके बाद जिले के बटियागढ़ तहसील के 3 पटवारीयों के विरूद्ध दोषपूर्ण कार्यवाही कर इनकी वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकी गई है। इस कार्रवाई में सीमांकन शब्द को छुपाकर पटवारियों पर अन्य आरोप लगाकर से इन पटवारियों को दोषी करार देकर इनके विरूद्ध कार्रवाई की गई है। जो कि अवैधानिक है। इस प्रकार की कार्यवाही से सभी राजस्व कर्मचारी अत्यन्त उपेक्षित महसूस कर रहे हैं एवं प्रताडित हो रहे हैं। इस कारण संवर्ग में रोश व्याप्त है।

## सीसी रोड का विधायक पटेल ने किया भूमिपूजन

ओंकारेश्वर (निप्र)।

**मांधाता विधायक नारायण पटेल के अथक प्रयासों से ओमकारेश्वर नगर में निमाड़ के रॉबिनहुड क्रांतिकारी शहीद टंट्या मामा के स्मारक, शबरी प्रशिक्षण केंद्र स्वीकृत किया गया है।**



इसी तारतम्य में विधायक नारायण पटेल एवं समस्त भाजपा जनप्रतिनिधि गण,पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गणों द्वारा नगर ओंकारेश्वर में टंट्या मामा मूर्ति स्थापना हेतु 23 लाख रुपए राशि लागत से बन रहे पेडेस्टल एवम चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन किया गया एवं तहसील कार्यालय के सामने से नवीन बस्ती डूकिया तक सीसी रोड़ निर्माण राशी लागत 1.06 करोड़ का भूमि पूजन किया गया।

नगर परिषद सीएमओ कुशल सिंह डोडवे- इंजीनियर सुरेश पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि टंट्या मामा प्रतिमा 14 लाख रुपए चबूतरा निर्माण से 23 लाख रुपए शबरी माता प्रशिक्षण केंद्र हाल स्टाफ अधिकारी क्लासरूम बाउंड्री वॉल पेवर ब्लॉक एवं ग्रीन पार्क सौंदर्य करण 2 लाख 42 हजार ग्राम डूकिया तहसील कार्यालय से सड़क निर्माण एक करोड़ 6 लाख की लागत से प्रस्तावित है ।मांधाता विधानसभा 175 के विधायक ने तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में विकास में करोड़ों रुपए की बौछार लगा दी,चुनाव के पहले ऐसे वास्तव में सारे राजनीतिक दल करते हैं और वही स्थिति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने लोकसभा खंडवा के मांधाता विधानसभा में विधायक पटेल की बना रखी है उसी के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी गण संगठन के समस्त प्रकोष्ठों के लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल विधायक नारायण पटेल नगर परीषद अध्यक्षा मनीषा परिहार भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह मौर्य सांसद प्रतिनिधि प्रकाश परिहार अखिलेश दीक्षित प्रेमलाल गवले सुनील सोने अजय मंडवार गंगाराम कालू केवट राकेश पेंड्रा दशरथ कलमे भील समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलाब सिंह वास भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष संतोष वर्मा अंतर सिंह बारे कैलाश बावनिया राजेश चौहान प्रकोष्ठ प्रभारी ताराचंद कर्मा तथा देवेश पुरोहित एवं अन्य मांधाता विधानसभा के समस्त पदाधिकारी गण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का संचालन प्रशांत जोशी ने किया।